# NET/JRF HINDI MODEL PAPER-10

## टेस्ट – 10 हिन्दी नाटक (इकाई–8)

1. अंधा युग का उद्देश्य है ?
(अ) परमाणु युद्ध की विभीषिका को प्रस्तुत कर शांति का संदेश देना ☑
(ब) महाभारत की कथा का पुनराख्यान करना
(स) अश्वत्थामा की चरित्रांकन
(द) धृतराष्ट्र का चरित्राभिव्यंजना

2. मैंने भावना में एक भावना का वरण किया है। मेरे लिए वह संबंध और संबंधों से बड़ा है! मैं वास्तव में अपनी भावना से प्रेम करती हूँ जो पवित्र है, कोमल है, अनश्वर है! आषाढ़ का एक दिन नाटक में यह कथन किस पात्र का है ?
(अ) अम्बिका (ब) मल्लिका ☑
(स) कालिदास (द) विलोम

3. ''आधे–अधूरे'' नाटक की सावित्री के दुःख का मूल कारण क्या है ?
(अ) अपने अनुरूप पति का न मिलना।
(ब) दूसरे पुरुषों की ओर दौड़ना।
(स) पति और बच्चों से अपेक्षित सहयोग न मिलना
(द) स्वयं सावित्री की मानसिकता ☑

4. भारत दुर्दशा नाटक किस प्रकार का है ?
(अ) प्रहसन
(ब) भाण
(स) नाटिका
(द) नाट्य या रासक या लास्य रूपक ☑

5. अंधेर नगरी नाटक के अंक को क्रम से लगाये।
(अ) बाह्य प्रान्त, बाजार, जंगल, राजसभा, आरण्य, शमशान ☑
(ब) शमशान, आरण्य, राजसभा, जंगल, बाह्य प्रान्त, बाजार
(स) बाजार, बाह्य प्रान्त, जंगल, आरण्य, शमशान
(द) जंगल, बाह्य प्रान्त, आरण्य, राजसभा, बाजार, श्मशान

6. किस नाटक में अभिजात कुलीन नारियों की सनक, यांत्रिकता तथा अनुशासनप्रियता को प्रकट किया गया है।
(अ) अंजो दीदी ☑ (ब) बाणभट्ट की आत्मकथा
(स) छठा बेटा (द) कोई नहीं

7. मेरे दो लड़के हैं। एक भी काम न आये गर आप के बारे में मेरे मन में कुछ कपट हो– यह कथन किसका हैं ?
(अ) हरनन्दन ☑ (ब) भगवन्तसिंह
(स) मुरारीलाल (द) डॉक्टर

8. एक और द्रोणाचार्य नाटक का प्रकाशन वर्ष है–
(अ) 1976 (ब) 1977☑
(स) 1978 (द) 1979

9. बकरी नाटक में कितने अंक है ?
(अ) 2☑ (ब) 3
(स) 4 (द) 6

10. चंदगुप्त नाटक का उद्देश्य है ?
(अ) राष्ट्रीयता एवं देशभक्ति की भावना जगाना
(ब) प्रेम के आदर्श स्वरूप का चित्रण करना
(स) विदेशी आक्रांताओं को देश से बाहर करने के लिए मजबूत केंद्रीय सत्ता की आवश्यकता को निरूपित करना
(द) उपरोक्त सभी☑

11. आगरा बाजार नाटक में कुल कितने अंक है–
(अ) 2 अंक☑ (ब) 4 अंक
(स) 6 अंक (द) 8 अंक

12. महाभोज का प्रकाशन वर्ष है ?
(अ) 1981 (ब) 1982
(स) 1983☑ (द) 1984

13. अंधा युग में कितने अंक हैं ?
(अ) 3 (ब) 5☑
(स) 6 (द) 8

हिन्दी साहित्य चैनल

14. आषाढ़ के एक दिन में कवि कालिदास का अन्य नाम क्या होता है ?
(अ) पुरुगुप्त (ब) मातृगुप्त☑
(स) कुमारदास (द) अनुस्वार

15. आधे अधूरे नाटक का पात्र नहीं हैं ?
(अ) महेन्द्रनाथ (ब) किन्नी
(स) सविता☑ (द) अशोक

16. भारत दुर्दशा नाटक को क्रम से लगाये!
(अ) मंगलाचरण, श्मशान, टूटे–फूटे मंदिर, रोग का प्रवेश, मैदान
(ब) मंगलाचरण, श्मशान, टूटे–फूटे मंदिर, मैदान, रोग का प्रवेश☑
(स) किताब खाना, गंभीर वन का मध्यभाग, रोग का प्रवेश, मैदान
(द) मैदान, रोग का प्रवेश, मंगलाचरण, कितबखाना

17. अंधेर नगरी नाटक में गोवर्धनदास को भिक्षा में कितने पैसे मिलता है ?
(अ) 5 पैसे (ब) 6 पैसे
(स) 7 पैसे☑ (द) 8 पैसे

18. समय निष्ठा सभ्यता की पहली निशानी है। अंजो दीदी नाटक में यह कथन किस पात्र का है ?
(अ) अंजलि☑ (ब) अणिमा
(स) नीरज (द) वकील साहब

19. लक्ष्मीनारायण के नाटकों का सही क्रम है ?
(अ) अशोक, मुक्ति रहस्य, राक्षस का मन्दिर, सिंदूर की होली
(ब) अशोक, राक्षस का मन्दिर, मुक्ति रहस्य, सिंदूर की होली☑
(स) राक्षस का मन्दिर, सिंदूर की होली, मुक्ति रहस्य, अशोक
(द) सिंदूर की होली, अशोक, मुक्ति का रहस्य, राक्षस का मंदिर

20. एक और द्रोणाचार्य नाटक में कशमकश का जिंदगी कौन–सा पात्र जीता है–
(अ) अरविंद☑ (ब) विमलेंदु
(स) अनुराधा (द) प्रिंसपल

21. नहीं बुद्धि बहादुरी और विवेक!
यह गांधी जी की बकरी है!
बकरी नाटक में किसका कथन है ?
(अ) दुर्जन☑ (ब) सिपाही
(स) औरत (द) सत्यवीर

22. समझदारी आने पर यौवन चला जाता है जब तक माला गुंथी जाती है तब तक फूल कुम्हला जाते है किसका कथन है ?
(अ) मौर्य काल (ब) गुप्तकाल☑
(स) शुंग काल (द) हर्ष काल

23. कुछ बार पैरते है, कुछ पार पैरते है इस आगरे में क्या–क्या ऐ यार पैरते है......आगरा बाजार नाटक में यह कथन किस पात्र का है ?
(अ) शोहदा (ब) मंजूर हुसेन
(स) ककड़ीवाला (द) पतंगवाला☑

24. पुलिस तो अभी तहकीकात कर रही है तुम नतीजे पर पहुँच गए, महाभोज नाटक में किसका कथन है ?
(अ) लखन (ब) जमुना बहन
(स) दत्ता बाबू (द) सिन्हा☑

25. 'जब भी कोई मनुष्य अनासक्त होकर चुनौती देता है इतिहास को उस दिन नक्षत्रों की दिशा बदल जाती है।' ये पंक्तियाँ धर्मवीर भारती के किस कथानक से ली गई है ?
(अ) धर्मयुग (ब) सात गीत
(स) कनुप्रिया (द) अन्धायुग☑

26. यह लोक नीति है, तो मैं कहूंगा कि लोकनीति और मूर्खनीति का अर्थ एक है"
नाटक आषाढ़ का एक दिन में यह कथन किस पात्र का है ?
(अ) मांतुल☑ (ब) विलोम
(स) कालिदास (द) मल्लिका

27. "वह एक पूरा आदमी चाहती है अपने लिए" यह कथन किसका किसके बारे में है ?
(अ) बिन्नी का सावित्री से अपने पति के बारे में
(ब) सावित्री का जुनेजा से अपने पति महेन्द्र के बारे में ☑
(स) सावित्री का महेन्द्र से जुनेजा के बारे में
(द) इनमें से कोई नहीं

हिन्दी साहित्य चैनल

28. भारत दुर्दशा नाटक में कितने अंक है ?
(अ) 4 (ब) 6 ☑
(स) 8 (द) 5

29. हिंदी भाषा का प्रथम मौलिक राजनैतिक नाटक कौन–सा है ?
(अ) दुर्लभ बंधु (ब) भारत जननी
(स) नहुष (द) भारत दुर्दशा ☑

30. जीवन स्वयं एक महान घडी है, प्रातः संध्या उसकी सुइया है किसका कथन है–
(अ) अंजलि☑ (ब) अनिमा
(स) इन्द्रनारायण (द) नीरज

31. मेरी यह इच्छा न थी कि रजनीकांत मार जाए लेकिन भगवंत से रुपया ले लेना मैंने बुरा नहीं समझा। कथन किस नाटक का हैं ?
(अ) आगरा बाजार
(ब) अंजो दीदी
(स) बकरी
(द) सिंदूर की होली☑

32. केवल औरत ही मर्द को समझा सकती है! कहो उसे नौकरी करना सीखें,......
एक और द्रोणाचार्य नाटक में यह कथन किस पात्र का है ?
(अ) प्रिंसिपल☑ (ब) प्रिसिडेंट
(स) लीला (द) विमलेंदु

33. कितना पैसा दे रहा है
वह हाथी वाला......बकरी
नाटक के कौन अंक के कौन–सा दृश्य से है ?
(अ) प्रथम अंक पहला दृश्य
(ब) तीसरा अंक तीसरा दृश्य
(स) दूसरा अंक दूसरा दृश्य☑
(द) चौथा अंक चौथा दृश्य

34. कविता करना अनंत पुण्य का फल हैं, स्कन्दगुप्त नाटक में यह कथन किस पात्र का है ?
(अ) स्कन्दगुप्त
(ब) मातृगुप्त (कालिदास)☑
(स) धातुसेन
(द) मुद्गल

35. आगरा बाजार नाटक के अनुसार, मंजूर हुसैन घोडे लेकर हैदराबाद की तरफ कितने वर्ष पहले गए थे........
(अ) 2 वर्ष पहले (ब) 3 वर्ष पहले
(स) 4 वर्ष पहले☑ (द) 5 वर्ष पहले

36. दा साहब ने किस् से कहा कि इस योजना का उद्घाटन तुम ही करोगे ?
(अ) बिंदा (ब) महेश
(स) काशी (द) हीरा☑

37. अंधायुग काव्य नाटक का पात्र 'युयुत्सु' वर्तमान संदर्भ में किसका प्रतीक है ?
(अ) युद्ध आकांक्षी
(ब) बुद्धिजीवी नीतिज्ञ☑
(स) जर्जर परंपरा
(द) तटस्थ व्यक्ति

38. क्योंकि तुम यहाँ लौट आये हो? क्योंकि वर्षों से छोडी हुई भूमि आज फिर तुम्हें अपनी प्रतीत होने लगी है– आषाढ़ के एक दिन के किस अंक का कथन है–
(अ) एक अंक (ब) दो अंक
(स) तीन अंक☑ (द) चार अंक

39. पुरुष–3 का संबंध किस पात्र से है ?
(अ) महेंद्रनाथ (ब) सिंघानिया
(स) जगमोहन☑ (द) जुनेजा

40. भारत दुर्दशा को दुखांत रूपक माना है। किसका कथन है–
(अ) शुक्ल जी
(ब) गुलाबराय
(स) रामविलास
(द) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय ☑

41. स्थापना – (1) भारतेंदु जी के मौलिक नाटकों में विषयों की विविधता है।
तर्क – (2) उन्होंने विभिन्न विषयों पर अपने नाटक लिखे हैं।
(अ) दोनों कथन सत्य है। ☑
(ब) दोनों कथन असत्य है।
(स) कथन (1) सत्य है जबकि कथन (2) असत्य है।
(द) कथन (1) असत्य है जबकि कथन (2) सत्य है।

हिन्दी साहित्य चैनल

42. मैं कहता हूँ, कसम तुम्हारी, मम्मी तुम्हें बड़ा पसंद करेंगी! मैं अंजो दीदी से तुम्हें मांग लूंगा!
अंजो दीदी नाटक में श्रीपत यह कथन किससे कहता है ?
(अ) अनिमा से
(ब) अंजलि से
(स) मुन्नी से ☑
(द) वकील साहब से

43. स्थापना (1) लक्ष्मीनारायण मिश्र के नाटकों में रोमांटिक भावुकता और यथार्थवादी बुद्धिवाद की टकराहट इस प्रकार से चित्रित हुई है कि वे स्वयं भावुकता से मुक्त नहीं हो पाते।
तर्क (2) – 'सिंदूर की होली' नाटक में भी 'मनोरमा' और 'चंद्राकांता' ऐसे ही पात्र हैं जो क्रमशः बुद्धिवाद व रोमांटिक भावुकता के समर्थक हैं।
(अ) 1 व 2 दोनों सही ☑
(ब) 1 गलत व 2 सही
(स) 1 व 2 दोनों गलत
(द) 1 सही व 2 गलत

44. बेवकूफी के लिए भी तर्कशास्त्र होता है! गया जोश में हो गयी मूर्खता मैं क्या – क्या जनता था कि इसके लिए सजाए मौत मिलेगी.........एक और द्रोणाचार्य नाटक में यह कथन किस पात्र का है ?
(अ) विमलेंदु ☑ (ब) अरविंद
(स) लीला (द) चन्दू

45. "बकरी को क्या पता था
मशक बन के रहेगी।
पानी भरेंगे लोग और
वह कुछ न कहेगी।"
'बकरी' नाटक के प्रथम अंक में उक्त कथन किस पात्र का है ?
(अ) नट (ब) नटी
(स) भिस्ती ☑ (द) दुर्जन सिंह

46. यदि तुम मेरी रक्षा नहीं कर सकते, अपने कुल की मर्यादा, नारी का गौरव नहीं बचा सकते, तो मुझे बेच भी नहीं सकते ही! ध्रुवस्वामिनी नाटक में ध्रुवस्वामिनी ने यह वाक्य किससे कहती हैं ?
(अ) चन्द्रगुप्त से (ब) रामगुप्त से ☑
(स) शिखरस्वामी से (द) शकराज

47. आगरा बाजार नाटक में कौन–सा पात्र, दिल्ली का रहने वाला है ?
(अ) ककड़ीवाला ☑ (ब) लड्डूवाला
(स) किताबवाला (द) रेवड़ीवाला

48. महाभोज का कौन–सा पात्र धर्म का मुखौटा पहन कर अपनी घिनौनी राजनीति को अंजाम देते हैं ?
(अ) सक्सेना (ब) दा साहब ☑
(स) सुकुल बाबू (द) लोचन बाबू

49. हिमाद्रि तुंग सृंग से
प्रबुद्ध शुद्ध भारती
स्वयंप्रभा समुज्ज्वाला
स्वतंत्रता पुकारती
अमर्त्य वीरपुत्र हो, दृढ़ प्रतिज्ञ सोच लो
प्रशस्त पुण्य पंथ है, बढ़े चलो बढ़े चलो
चन्द्रगुप्त नाटक में यह गीत किस पात्र द्वारा गाया जाता है ?
(अ) समवेत गायन ☑ (ब) अलका
(स) सुवासिनी (द) कार्नेलिया

50. चन्द्रगुप्त नाटक के संबंध में कौन–सा कथन सत्य नहीं है ?
(अ) मालविका सिंधु–देश की कन्या है।
(ब) कार्नेलिया सिल्यूकस की कन्या है।
(स) आम्भीक तक्षशिला का राजकुमार
(द) एलिस कल्याणी की सहेली है। ☑

हिन्दी साहित्य